## चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर,(निस)।** लायन इंटरनेशनल 3233 ई-1 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील अरोड़ा के निर्देशन में प्रांत भर में मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के अंतर्गत लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी के द्वारा 4 अक्टूबर को बाबा सुग्रीव स्कूल के प्रांगण में विश्व शांति की थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बाबा सुग्रीव विद्यापीठ, सैंटा किड्स स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। चित्रकला की व्याख्याता ज्योति शर्मा, पंकज शर्मा एवं पवन खंडेलवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बाबा सुग्रीवविद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा हर्षिता ने प्राप्त किया। कक्षा 12 वी के प्रदीप सिंह ने द्वितीय, कक्षा 11की स्वीटी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सैंटा किड्स विद्यालय की सिद्धिमा कक्षा पांचवी एवं सेंट्रल एकेडमी की तन्वी सैनी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। विजेताओं को बाबा सुग्रीव विद्यापीठ के सौजन्य से गोल्ड, सिल्वर, ब्रौंज मैडलो से नवाजा गया। प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब सेंचुरी की अध्यक्ष डॉ रंजना तिवारी ने की। क्लब के संरक्षक एवं चाटर्ड प्रेसिडेंट एडवोकेट श्रीनाथ शर्मा ने पारितोषिक देकर प्रतिभागी विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन कर शांति को अपने जीवन में अंगीकार करने की प्रेरणा दी।

# सम्भागीय आयुक्त ने ली संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक

**भरतपुर, (निस)।** सम्भागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के लिए सभी विभाग नियमित मॉनिटरिंग के साथ भूमि व बजट आवंटन, टेंडर प्रक्रिया समय पर कराते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं में सरकार की मंशानुरूप पात्रजनों को लाभान्वित करते हुए अंतिम छोर तक योजनाओं

- **सम्भागीय आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टर एवं सम्बंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए।**

का प्रचार-प्रसार करें। सम्भागीय आयुक्त शुक्रवार को सम्भागीय आयुक्त सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक में जिलावार एवं विभागवार बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक प्रादेशिक भरतपुर पी.काथिरवेल, अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त कमल सिंह यादव, भरतपुर जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, धौलपुर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, सवाई माधोपुर जिला कलक्टर शुभम चौधरी, गंगापुर सिटी जिला कलक्टर गौरव सैनी, जिला कलक्टर डीग उत्सव कौशल सहित सभी विभागों के संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्भागीय आयुक्त ने सभी जिला कलेक्टर एवं सम्बंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के निर्देश दिए। सम्भागीय आयुक्त ने कहा कि सरकार द्वारा संभाग के विकास के लिए बजट घोषणाओं में किये गये प्रावधान को साकार करते हुए सभी अधिकारी घोषणाओं की क्रियान्विति समय पर करें। उन्होंने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सड़क, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा एवं आधारभूत विकास के लिए की गई बजट घोषणाओं में किसी भी प्रकार की देरी नहीं हो जिससे आमजन को समय पर लाभ मिल सके।



सम्भागीय आयुक्त शुक्रवार को सम्भागीय आयुक्त सभागार में बैठक आयोजित की ।

## विद्यार्थियो को किया जागरूक

**करौली(नि.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजौर मे एनडीआरएफ टीम द्वारा आपदा के दौरान विद्यार्थियो को राहत और बचाव कि जानकारी दी करौली कैलादेवी सडक मार्ग स्थित राजौर गाव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे विकाश कुमार कमांडेंट सीसीडी 6वी वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक बल के निर्देशानुशार ई 06 बटालियन एनडीआरएफ की टीम नेयोगेश कुमार मीना,एनडीआरएफ प्रभारी,आरआरसी किशनगढ़, राजस्थान के पर्यवेक्षण एवं निरीजीङी विजय सिंह मीना के नेतृत्व मे एनडीआरएफ के रेस्क्यूर टीम के साथ आपदा पर आधारित आपातकाल जैसे हालात होने पर किये जाने वाले बचाव कार्यो कि जानकारी स्कूली छात्र-छात्राओं,अध्यापक और सिविल डिफेंस के साथ सफल रूप से संपन्न किया गया इस दौरान टीम ने अपने साथ लाये गये रेस्क्यू बचाव संबंधित उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीको से स्कूल के छात्र-छात्राओं अध्यापक और सिविल डिफेंस कार्मिकों को आपदा में फसे हुए लोगो को बचाने का बेहतरीन तरीके से बताया गया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजौर के प्रधानाचार्य श्यामसिंह द्वारा एनडीआरएफ की टीम द्वारा किये गये प्रदर्शन की भूरी- भूरी प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर एनडीआरएफ टीम कमांडर विजय सिह मीना करौली सिविल डिफेंस टीम से प्रदीप डांगर सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## सार-समाचार

### शिक्षको व छात्रो का सम्मान किया



छात्रा का सम्मान करते भाविप पदाधिकारी।

**गंगापुर सिटी ।** भारत विकास परिषद शाखा कुशलगढ द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन का कार्यक्रम शिव शिक्षा निकेतन नहर रोड गंगापुर सिटी में किया गया। शाखा सचिव आनंद पेगोरिया ने बताया कि सर्वप्रथम मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के समक्ष विद्यालय के संस्था प्रधान दिनेश चंद गुप्ता, अध्यक्ष विष्णु अग्रसेन, सचिन आनंद पगोरिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश घी वाले, प्रांतीय रक्तदान प्रभारी लक्ष्मी नारायण गोयल ने दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम गायन के साथ की। गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के प्रभारी गोविंद बंसल द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन के बारे में संक्षिप्त में एवं भारत विकास परिषद के मूल पांच तत्वों पर संक्षिप्त में समझा कर गुरुओं का वंदन एवं छात्रों का अभिनंदन करवाया गया और मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ विद्यालय में अच्छा परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर सिटी द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम सेठ हटीलाराम राउप्रावि गंगापुर सिटी में आयोजित किया गया। प्रांतीय भारत को जानो प्रतियोगिता प्रभारी डॉ धर्मेंद्र मित्तल, शाखा अध्यक्ष राजेन्द्र खारवाल, प्रधानाध्यापक शिवदयाल मीना ने भारत माता और विवेकानंद जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम मैं अश्वनी गुलाटी समूहगान प्रभारी, कार्यक्रम संयोजक मदनमोहन आर्य, सम्पर्क प्रमुख कैलाश चंद मित्तल, ज्योती आर्य, शिक्षक, शिक्षिका, बालक,बालिका उपस्थित थे।

### किसान सम्मेलन का आयोजन

**करौली(नि.स.)।** करौली तहसीलदार महेन्द्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 5 अक्टूबर को वाईगोल, जिला वाशिम, महाराष्ट्र से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 18 वीं किश्त दी जा रही है। इस अवसर पर किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। एवं इस दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर किसान सम्मेलन में राज्य के सभी ग्रामों के कार्यालय द्वारा पूर्व में नियुक्त किये गये ग्राम नोडल अधिकारी एवं सभी ग्राम स्तर के कर्मचारी व अधिकारी को उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकाधिक लाभार्थियों को कार्यक्रम से जुडने के लिए प्रेरित करें एवं साथ ही अधिक से अधिक किसानों को पीएम किसान पोर्टल के माध्यम से स्टेटस चैक करना, बैंक खाता आधार लिंकिंग इत्यादि प्रक्रिया से जागरूक करना सुनिश्चित करेंगे।

### जीपीएल-9 मैच मैच को बनाई रणनीति

**गंगापुर सिटी ।** गंगापुर प्रीमियर लीग (जीपीएल)-9 के आयोजन को लेकर पार्थ होटल में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दर्शकों और खिलाडयों की मांग को देखते हुए दिसंबर महीने में जीपीएल कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता, संयोजक कपिल गौतम, सहसंयोजक जितेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेंद्र मित्तल, सचिव आनंद पेंगोरिया, सहसचिव आशीष शर्मा, मीडिया प्रवक्ता वैभव दुबे, कोषाध्यक्ष अनिल अतेवा, संरक्षक डॉ. डीसी शर्मा और लक्ष्मीनारायण गोयल सहित जीपीएल- 9 कार्यकारिणी के लिए 51 सदस्य समिति बनाए जाने का निर्णय किया गया। अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने बताया कि जीपीएल के अब तक 8 सीजन आयोजित हो चुके हैं और जीपीएल की केवल गंगापुर शहर में नहीं बल्कि आस-पास के क्षेत्रों में भी विशेष पहचान है।? सचिव आनंद पेगोरिया ने बताया कि जीपीएल 9 में 5 टीमें भाग लेंगी। सभी खिलाडी ऑक्शन के जरिए खरीदे जाएंगे। भरतपुर, गंगापुर, सवाई माधोपुर, करौली जिले के अलावा 3 खिलाडी पूर्व में जीपीएल खेले हुए सीधे ओनरों द्वारा लिए जा सकते हैं। खिलाडयों के आवेदन 15 अक्टूबर से 3० अक्टूबर तक लिए जाएंगे। बैठक में डा राहुल गुप्ता, सुनील, मनीष जैन, रवि मंगल, शालू जैन, हंसराज, लोकेश सोगानी, दिवाकर शर्मा, सोमदत्त शर्मा, सौरभ जैन, अरविंद शर्मा, आबिद, महेंद्र वैष्णव, दीपक मीना, दीपेश बंसल, शकील, मदन पचौरी, सुरेंद्र विजयवर्गीय, विजय सैनी, रवींद्र सहित पूर्व के टीम मालिक मौजूद रहे।

### जिले से तीन खिलाड़ियों का चयन

**भरतपुर (निस)।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-23 राजस्थान की टीम चयन हेतु आयोजित की जा रही अंडर-23 चैलेंजर ट्रॉफी में भरतपुर जिले से एक साथ तीन खिलाडियो का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया कि अव्यांश सिंह, अनिरुद्ध सिंह तथा अवदेश खटाना का टीम में चयन किया गया है तथा यह चैलेंजर ट्रॉफी 5 अक्टूबर से जयपुर में एक दिवसीय फॉरमेट के आधार आयोजित की जाएगी। इस चैलेंजर ट्रॉफी में पूरे राजस्थान से बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन कर कुल 8 टीम बनाई गई है एवं इसी चैलेंजर ट्रॉफी के परफॉर्मेंस के आधार पर अंडर-23 राजस्थान की 16 सदस्यीय टीम बनाई जाएगी।

## अस्थाई लाईसेंस जारी करने के संबंध में निर्देश जारी

**करौली( नि.स. ) ।** अतिरिक्त जिला कलक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने आदेश जारी कर बताया कि दीपावली के त्यौहार पर आतिशबाजी पटाखा विक्रेताओं को अस्थाई लाईसेंस जारी करने हेतु 17 से 25 अक्टूबर के संबंध में आवेदक निर्धारित प्रारूप में दो ब्ल्यू प्रिंट नक्शा सहित संबंधित उपखंड कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वे शहरी क्षेत्र में आयुक्त गरपरिषद व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका के साथ स्वयं एवं ग्रामीण क्षेत्र में तहसीलदार एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से खुला सार्वजनिक स्थान चिन्हित कर तथा उस पर 10 वाई 15 फुट की साईज के भूखण्ड बनाकर पटाखा विक्रेताओं को खाली भूखण्डों पर 29 से 12 नवम्बर तक की अवधि के लिए अस्थाई लाईसेंस जारी करें। चिन्हित स्थान पर पानी,प्रकाश एवं सफाई की व्यवस्था संबंधित नगर परिषद,नगरपालिका,ग्राम पंचायत द्वारा की जावे। उन्होंने बताया कि उक्त व्यवस्थाओं की एवज में संबंधित अस्थाई लाईसेंस धारक से एक निश्चित शुल्क वसूल किया जावे,अस्थाई अनुज्ञापत्र की फीस जरिए चालान बैंक के मद-0070 अन्य प्रशासनिक सेवाओं में जमा कराई जावे एवं नगरपरिषद, नगरपालिका, ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क जमा किये जाने के बाद ही भूखण्ड का आवंटन करें। उन्होंने बताया कि विस्फोटक नियम 2008 में निर्धारित दिशा-निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जावे। दीपावली के त्योहार पर बिना लाईसेंस के कोई व्यक्ति आतिशबाजी या पटाखों का विक्रय करता पाया जावे तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आमजन को जागरूक किया

**करौली( नि.स. )।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के मौके पर जिले में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह मनाया जा रहा है। सप्ताह अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए करौली जिला अस्पताल स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली को सीएमएचओ डॉ दिनेश चंद मीना, डिप्टी सीएमएचओ डॉ.ओपी मीना, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेमराज मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अस्पताल में ग्रीन रिबन गेट मीटिंग और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पोस्टर का विमोचन भी किया गया। सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि रैली ने लोगों को नशे से दूर रहने, पर्याप्त नींद लेने,कार्यस्थल पर होने वाले मानसिक तनाव को कम करने के लिए योग अपनाने और काम को पूरा करने लिए छोटे-छोटे लक्ष्य तय करने का संदेश दिया।उन्होंने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह 4 से 10 अक्टूबर तक चलने वाले सप्ताह के तहत जागरूकता रैली,पोस्टर विमोचन,संगोष्ठी मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग,वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



करौली अस्पताल से जागरूकता रैली को हरीझंडी दिखाकर रवाना करते सीएमएचओ ।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सवाई माधोपुर को दी सौगात

**सवाई माधोपुर ।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में अतिवृष्टि से क्षितग्रस्त सड़कों की स्थाई मरम्मत तथा जीर्णोद्धार के लिए 650.11 करोड़रुपए के कार्यों की स्वीकृति जारी की है। इस राशि से प्रदेश में कुल 1 हजार 265 क्षितग्रस्त सड़कों, पुलिया आदि की मरम्मत का कार्य करवा कर आमजन को राहत प्रदान की जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से जुड़ी बजट घोषणाओं के तहत यह स्वीकृति दी है। साथ ही उन्होंने सभी स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ गुणवत्ता पूर्वक समय पर पूरा करने के

- **जिले में क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए 220.57 लाख रुपए स्वीकृत किये**

निर्देश दिये है।सवाई माधोपुर जिले की कुल 117 सड़कों के मरम्मत कार्यो हेतु 2 करोड़20 लाख 57 हजार रुपए व्यय करने की स्वीकृति दी है। इनमें सवाई माधोपुर के अधीक्षण अभियंता सा.नि.वि. वृत व खण्ड प्रथम सवाई माधोपुर तहसील व ब्लॉक सवाई माधोपुर के 24 कार्यों हेतु कुल 46.21 लाख, अधीक्षण अभियंता सानिवि वृत व खण्ड प्रथम सवाई माधोपुर तह. व ब्लॉक मलारना डूंगर के 29 कार्यों हेतु 54.96 लाख, अधीक्षण अभियंता सानिवि वृत व खण्ड द्वितीय सवाई माधोपुर तह. व ब्लॉक सवाई माधोपुर के 22 कार्यों हेतु 37.70 लाख, अधीक्षण अभियंता सानिवि वृत सवाई माधोपुर खण्ड द्वितीय सवाई माधोपुर तह. व ब्लॉक चौथ का बरवाड़ा के 18 कार्यों हेतु 41.23 लाख, अधीक्षण अभियंता सानिवि वृत सवाई माधोपुर खण्ड द्वितीय सवाई माधोपुर तह. व ब्लॉक खंडार के 24 कार्यों हेतु 40.47 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की ।

## सीएमएचओ ने लिया जायजा

**करौली,(नि.स.)।** शारदीय नवरात्र में आयोजित होने वाले कैलादेवी मेले में चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीणा ने मौके पर पहुंच कर लिया। उन्होंने सीएचसी कैलादेवी एवं मंदिर परिसर में चिकित्सा इकाई की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर मरीजों को संतोषप्रद सेवाएं प्रदान करने के स्वास्थ्य कर्मियों निर्देशित किया। उन्होंने संस्था प्रभारी को मेले दौरान पानी भरे गड्ढे में एमएलओ डलवाने,मच्छर मक्खी वाले स्थानों पर पाउडर छिड़काव के लिए निर्देशित कर मौसमी बीमारियों की आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के लिए पाबंद किया। इसी क्रम उन्होंने ऐडपोस्ट कल्याणी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश प्रदान किया।

## जिले से दो क्रिकेट खिलाड़ियों का हुआ चयन

**करौली ( नि.स. )।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की गई सीनियर महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में करौली जिले से दो क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन राजस्थान सीनियर महिला चैलेंजर में किया गया है। जिला किक्रेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि करौली जिले की क्रिकेट महिला खिलाड़ी काजल जादौन एवं तनु जादौन का राज्य स्तरीय सीनियर महिला चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन हुआ है जो 5 अक्टूबर से जयपुर में आयोजित की जा रही चैलेंजर क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन दिखाएंगे। इसी प्रकार जिला क्रिकेट संघ करौली के सीनियर खिलाड़ी मोहम्मद गाजी का एक बार फिर से अंडर 23 राज्य स्तरीय चैलेंजर ट्रॉफी टूर्नामेंट में चयन हुआ है ज्ञात रहे कि अभी हाल ही पिछले दिनों मोहम्मद गाजी ने कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता में एक शतक लगाया एवं इसके बाद राजस्थान रणजी ट्रॉफी चैलेंजर ट्रॉफी प्रतियोगिता में उनके द्वारा एक शतक लगाया और वह नाबाद रहे उनके इसी प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान के चयनकर्ताओं ने उनका राजस्थान अंडर 23 चैलेंजर ट्रॉफी प्रतियोगिता में चयन किया है। मोहम्मद गाजी के इस चयन पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, अरुणसहित सभी क्रिकेट प्रेमियों ने इन खिलाड़ियों को बधाई दी।

# सांगा स्मृति समिति ने राणा सांगा स्मारक स्थापना दिवस मनाया

**भरतपुर (निस)।** रूपवास खानुआँ में राणा सांगा स्मृति समिति द्वारा राणा सांगा स्मारक स्थापना दिवस मनाया गया। राणा सांगा स्मारक पर माल्यार्पण पुष्पों से विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत हुई। वही राणा सांगा स्मृति समिति के सचिव कृपाल सिंह ने मंच सम्बोधित करते हुए कहा की जब-जब हम अपने आप को भूले हैं तब-तब हार हुई है। खानवा का युद्ध भारत के स्वभाव का परिचायक है और यहां बना

- **रूपवास खानुआँ में राणा सांगा स्मृति समिति द्वारा राणा सांगा स्मारक स्थापना दिवस मनाया गया।**

राणा सांगा स्मारक विदेशी आक्रांता के बनाए बुलंद दरवाजे का जवाब है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भगीरथ सिंह ने राणा सांगा के गौरवमयी इतिहास पर प्रकाश डाला बताया कि कहा कि राणा सांगा का यह स्मारक आने वाली पीढियों को देश के गौरवपूर्ण अतीत की याद दिलाएगा। वहीं मुख्य वक्ता बाबूलाल प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जयपुर प्रान्त ने कहा कि राणा सांगा स्मारक को भव्य बनाना चाहिए ताकि नई पीढ़ी भारत के स्वभाव से परिचित हो सके। खानवा गांव भारत के इतिहास का मोड़है। विदेशी आक्रांता बाबर यहां आया तो उससे युद्ध करने करने के लिए हसन खां मेवाती सहित देश की तमाम रियासतों के राजा और योद्धा महाराणा सांगा के नेतृत्व में एकजुट हो गए थे। इन सब ने भारत मां की तौहीन करने वाले बाबर का विरोध किया। हालांकि बाबर ने हसन खां मेवाती को मुसलमान होने का वास्ता देते हुए साथ देने की बात कही। इस पर हसन खां ने जवाब भेजा कि हमारा मजहब एक हो सकता है, किंतु आप भारत के विरोधी हैं। हसन खां मेवाती ने राणा सांगा का पक्ष लेकर भारत के स्वभाव को बताया। यद्यिप इस युद्ध में राणा सांगा की हार हुई थी, किंतु भारत के इस स्वभाव को बाद में देश के राजाओं ने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी का साथ देकर जताया था। यह भावना हमेशा जारी रहनी चाहिए। कार्यक्रमके विशिष्ट अतिथि धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नित प्राधिकरण के चौयरमेन ओंकारसिंह लखावत ने कहा कि इतिहास को पुन लिखने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि अभी तक अबुल फजल और कर्नल टाड का लिखा विकृत इतिहास पढ़ाया जा रहा है। इसमें भारत के पक्ष को ठीक से प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की एकता और अखंडता का संदेश देने वाले स्मारक खड़े कर रही है। सुबह खेलकूद प्रतियोगिता में गोला फेंक भाला फेंक ऊँची कूद लम्बी कूद दौड़प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान वाले खिलाड़ियों के लिए प्रशस्ति पत्र, पुरुस्कार स्वरूप प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वही किए गए लघुनाटिका कविता पाठ व बृज सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा ने रोचकता प्रदान की। वही राणा सांगा स्मृति समिति सदस्य व बड़े समाज सेवी यश अग्रवाल ने राणा सांगा स्मारक विकास के लिए पांच लाख रुपये दिए। वही राणा सांगा स्मारक स्थापना दिवस कार्यक्रम के संयोजक अनुपम सिंह उदयविलास ने संगठन के कामों की सराहना की वही मंच संचालक चंद्रशेखर कुन्तल ने कार्यक्रम में पधारे सभी पदाधिकारी व सज्जन समाज का मंच से समिति की ओर से धन्यवाद आभार ज्ञात किया।



रूपवास खानुआँ में राणा सांगा स्मृति समिति द्वारा राणा सांगा स्मारक स्थापना दिवस मनाया गया।

## कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**हिंडौन सिटी ।** गांव ढिंढोरा में चतुर्थ विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। आयोजित कमेटी के सदस्य दुर्गा डागुर ने बताया कि प्रतियोगिता उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जाट समाज चौरासी के मीडिया प्रभारी व युवा जाट महासभा करौली के जिलाध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली , वीर तेजाजी वैलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक अजय चौधरी, डॉ हेमन्त वर्मा, रामभरोसी चौथईया रहे । प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काट किया गया । प्रतियोगिता में दो दर्जनों अधिक टीमे भाग ले रही हैं ।

प्रथम मैच का टोस मुख्य अतिथि करतार सिंह चौधरी के द्वारा कराया गया जिसमें खेड़ीहैवत ने टोस जीता । प्रथम मैच जूनियर टीम खेडीहैवत व जूनियर टीम ढिंढोरा के बीच हुआ जिसमें जूनियर टीम ढिंढोरा ने 30 पोइंट से जूनियर टीम खेडीहैवत को हराकर जीत हासिल की ।

करतार चौधरी ने सभी टीमों से खेल को खेल की भावना से खेलने व खेल में अनुशासन बहुत जरूरी है इस लिए खेल में अनुशासन बनाए रखने के लिए कहा और डॉ हेमन्त शर्मा ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता है और एम्पायर का निर्णय सर्वमान्य होता है इसलिए निर्णय का सम्मान करें । इस अवसर पर जयसिंह डागुर, गंगा डागुर, पप्पू डागुर, राकेश डागुर, अमित डागुर , शैलेन्द्र डागुर मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने किया ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सम्मान



लायंस क्लब ने किया ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का सम्मान किया गया ।

**भरतपुर, (निस)।** लायंस क्लब भरतपुर डायमंड द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत 4 अक्टूबर को सड़क सुरक्षा जागरूकता एवं ट्रेफिक पुलिस सम्मान का आयोजन कुम्हेर गेट चौराहे पर किया गया। कार्यक्रम संयोजक शिवलहरि शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भोगी लाल यातायात निरीक्षक, विशिष्ट अतिथि सुरेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष सुरेश सुनार ने की तथा सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा पर एक पंपलेट का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर यातायात पुलिस मैं अपनी उत्कृष्ठ सेवाएं देने वाले यातायात पुलिस कर्मी तेज सिंह, जागन सिंह, ओमवीर सिंह, भूपेंद्र सिंह, उमेश सिंह, एएसआई मुकेश पाराशर का माला, शॉल एवम ट्रॉफी प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए अनेक उपाय बताए तथा उनके पालन करने पर जोर दिया। सेवा सप्ताह संयोजक पास्ट रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ हरिओम बंसल सर्राफ ने बताया कि कल दोपहर 2 बजे महावीर विकलांग सहायता समिति, कृष्णा नगर मेंस निशक्त जनों को जयपुर फुट, कैलिपर्स, ट्राई साइकिल आदि का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष मोहन माहेश्वरी, सचिव उपेन्द्र कुमार, कोषाध्यक मोहन महावार, राकेश गुप्ता, कपिल गुप्ता, दिनेश शर्मा , मोहन शर्मा, शिवराज चौहान, विजय गुप्ता, सुशील कंसल, सुभाष अग्रवाल, कपूर चंद गोयल, धनेश सिघल के अलावा बडी संख्या में क्लब सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।